पाठ्यक्रम एम० ए० (हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य)

Code	पाठ्यक्रम व विषयवस्तु	L	T	P	C
सेमेस्टर 1	**आधारभूत पाठ्यक्रम**				20
LHC5101	हिंदी साहित्य का इतिहास (19वीं शताब्दी तक)	3	1		4
LHC5102	हिंदी भाषा का उद्भव और विकास	3	1		4
LHC5103	मध्यकालीन साहित्य	3	1		4
LHC5104	तुलनात्मक साहित्य : अवधारणा और इतिहास	3	1		4
LHC5105	भारतीय साहित्य	3	1		4
सेमेस्टर 2					20
LHC5201	आधुनिक हिंदी साहित्य का विकास (19वीं शताब्दी के बाद)	3	1		4
LHC5202	हिंदी की अन्य गद्य विधाएं	3	1		4
LHC5203	अनूदित विश्व साहित्य	3	1		4
LHC5204	भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य सिद्धांत	3	1		4
LHC5205	तुलनात्मक साहित्य प्रविधि	3	1		4
सेमेस्टर 3					12
LHC5301	समकालीन हिंदी कविता	3	1		4
LHC5302	समकालीन हिंदी कथा साहित्य	3	1		4
LHC5303	समकालीन हिंदी नाटक एवं रंगमंच	3	1		4
	ऐच्छिक विषय -1 (अ वर्ग से)	3	1		4
	ऐच्छिक विषय –2 (ब वर्ग से)	3	1		4
सेमेस्टर 4					8
LHC5401	अनुवाद सिद्धांत	3	1		4
LHC5402	लघु शोध-प्रबंध			4	4
	ऐच्छिक विषय –3 (विशेष अध्ययन)	3	1		4
	ऐच्छिक विषय वर्ग अ और ब में विभाजित				
वर्ग. अ					
LHC5001	संचार माध्यम लेखन*	3		1	4
LHC5002	हिंदी कंप्यूटिंग	3		1	4
LHC5003	प्रयोजनमूलक हिंदी*	3		1	4
LHC5004	हिंदी शिक्षण	3		1	4
वर्ग. ब					
LHC5005	दलित अध्ययन	3	1		4
LHC5006	महिला लेखन	3	1		4
LHC5007	विशेष साहित्यकार	3	1		4
LHC5008	अनूदित भारतीय साहित्य	3	1		4
LHC5009	साहित्य आन्दोलन	3	1		4
LHC5010	फिल्म अध्ययन	3	1		4
LHC5011	डायस्पोरा अध्ययन	3	1		4
LHC5012	आदिवासी साहित्य अध्ययन	3	1		4
LHC5013	लोक साहित्य	3	1		4

*इनमें से किसी एक विषय के लिए पाठ्यचर्या के दौरान अध्ययन-यात्रा अनिवार्य मानी गयी है.

LHC 5101 : हिन्दी साहित्य का इतिहास (19वीं शताब्दी तक) : हिन्दी साहित्य का आदिकाल : प्रमुख प्रवृत्तियाँ, भक्ति आन्दोलन : अखिल भारतीय स्वरूप और प्रवृत्तियाँ, हिन्दी भक्ति साहित्य साहित्य : प्रमुख प्रवृत्तियां, रीतिकाव्य और दरबारी संस्कृति : प्रमुख प्रवृत्तियाँ, आधुनिक युग : हिंदी नव जागरण :प्रमुख प्रवृत्तियाँ।

LHC 5102 : हिन्दी भाषा का उद्भव और विकास : हिन्दी की स्रोत भाषाएँ व पुरानी हिन्दी के विशिष्ट रूप (अवहट्ट, डिंगल, पिंगल) हिन्दी की उपभाषाएँ और बोलियाँ, मानक भाषा और बोलियाँ,हिन्दुस्तानी,उर्दू, दक्खिनी, ब्रजबोली, राजभाषा हिन्दी और पारिभाषिक शब्दावली।

LHC 5103 : मध्यकालीन साहित्य : कबीर- हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा संपादित कबीर से प्रारम्भिक 20 दोहे और प्रारम्भिक 5 पद, जायसी- पद्मावत, वासुदेवशरण अग्रवाल द्वारा संपादित, नागमती वियोग खण्ड, सूरदास- आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा संपादित भ्रमरगीत सार से प्रारम्भिक 20 पद या मीरा का काव्य- संपादक विश्वनाथ मिश्र से प्रारम्भिक 20 पद, तुलसीदास- रामचरितमानस (बालकाण्ड में पुष्पवाटिका प्रसंग), बिहारी रत्नाकर- जगन्नाथ दास द्वारा संपादित प्रारम्भिक 10 दोहे, घनानंद कवित्त- विश्वनाथ प्रसाद मिश्र द्वारा संपादित प्रारम्भिक 10 कवित्त।

LHC 5104 : तुलानात्मक साहित्य : अवधारणा और इतिहास : तुलनात्मक साहित्य : अवधारणात्मक परिप्रेक्ष्य, तुलनात्मक साहित्य का विकास, तुलनात्मक साहित्य के विभिन्न सम्प्रदाय, तुलनात्मक साहित्य व अंतरनुशासनिक विवेचन, तुलनात्मक भारतीय साहित्य व विश्व साहित्य : संक्षिप्त इतिहास।

LHC 5105 : भारतीय साहित्य : भारतीय साहित्य की अवधारणा, भारतीय साहित्य की परंपरा, भारतीय साहित्य की अंतश्चेतना, भारतीय साहित्य की कालजयी कृतियाँ : परिचय- एक (रवीन्द्रनाथ टैगोर- गोरा, सुब्रमण्यम स्वामी- कविताएँ, तकषि शिवशंकर पिल्लै- चेम्मीन), भारतीय साहित्य की कालजयी कृतियाँ : परिचय- दो (कुर्तुल ऐन हैदर- आग का दरिया, गुरुदयाल सिंह- मढी कादीवा, राही मासूम रजा- आधा गाँव, रमा मेहता- हवेली के अंदर।

LHC 5201 : आधुनिक हिन्दी साहित्य का विकास (19वीं शताब्दी के बाद) : हिंदी नवजागरण, स्वाधीनता आन्दोलन और हिंदी साहित्य, आधुनिक हिंदी काव्य : सामान्य विवेचन (विशेष सन्दर्भ- छायावाद), आधुनिक हिंदी साहित्य : विशिष्ट उपलब्धियाँ, आधुनिक हिंदी आलोचना।

LHC 5202 : अनूदित भारतीय साहित्य : अनूदित भारतीय साहित्य का संक्षिप्त परिचय, चुनी हुई अनूदित रचनाओं का अध्ययन- ओ0एन0वी0 कुरूप (अनुवाद- तंकमणि अम्मा) का संग्रह 'एक धरती एक आसमान एक सूरज' से दस कविता, उपन्यास : संस्कार (यू0आर0 अनंतमूर्ति), कहानी- कृष्णद्वादशी (महाश्वेता देवी), भाषण- अक्षरों की अजमत (अमृता प्रीतम) से 10 भाषण)।

LHC 5203 : अनूदित विश्व साहित्य : अनूदित विश्व साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, चुनी हुई अनूदित रचनाओं का अध्ययन-उपन्यास : माँ (गोर्की), अजनबी (अल्बैर कामू), अभागे (विक्टर ह्यूगो), एकांत के सौ वर्ष (मार्खेज), अफीम का समुद्र (अमिताभ घोष), कहानी : आखिरी पत्ता (ओ0 हेनरी), गुलाबी आइसक्रीम (मर्से रूदुरेदा), नाटक : शाकुन्तलम् (कालिदास), मैकबेथ (शेक्सपियर, अनुवाद- बच्चन), खड़िया का घेरा (ब्रेख़्त, अनुवाद- कमलेश्वर), गुड़िया का घर (इब्सन), कविता : फैज अहमद फैज, नाजिम हिकमत, पाब्लो नेरूदा।

LHC 5204 : भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र :भारतीय साहित्य चिन्तन की परंपरा एवं विभिन्न सम्प्रदाय- काव्य प्रकार, काव्य हेतु, काव्य लक्षण, काव्य प्रयोजन, रस सिद्धांत, अलंकार सिद्धांत, रीति सिद्धांत, ध्वनि सिद्धांत, वक्रोक्ति सिद्धांत, औचित्य सिद्धांत व काव्य सिद्धांतों के अंतःसम्बन्ध, पाश्चात्य काव्य चिंतन की पश्चिमी परंपरा और प्रमुख सिद्धांत- प्लेटो, अरस्तू, लोंजाइनस,वर्डसवर्थ, आर्नाल्ड, बेन जानसन, समुअल जानसन, कॉलरिज, क्रोचे, आई0 ए0 रिचर्डस, इलियट, कला कला के लिए, स्वच्छंदतावाद, मार्क्सवादी आलोचना, अस्तित्ववाद, नई समीक्षा, नारीवादी आलोचना।

LHC5205 : तुलनात्मक साहित्य प्रविधि : तुलनात्मक साहित्य : प्रमुख उपादान, तुलनात्मक साहित्य के मूलाधार, छायावाद और रोमांटिसिज्म, हिन्दी के रचनाकार उनकी रचना के स्तरभेद, कालिदास के 'मेघदूतम्' से मोहन राकेश के 'आषाढ़ का एक दिन' तक, उत्तर उपनिवेशवादी रंगमंच और शतरंज के खिलाड़ी (प्रेमचंद) का रचना समय।

LHC 5301 : समकालीन हिन्दी कविता : समकालीन हिन्दी के 15 प्रतिनिधि कवि और उनकी चुनी हुई कविताएँ, मैथिलीशरण गुप्त (साकेत नवम सर्ग), जयशंकर प्रसाद (कामायनी- चिंता, श्रद्धा और इड़ा सर्ग), सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (राम की शक्तिपूजा, सरोज स्मृति, कुकुरमुत्ता), सुमित्रानंनदन पंत (परिवर्तन, नौका विहार, अल्मोरे का बसंत), रामधारी सिंह 'दिनकर' (कुरुक्षेत्र- षष्ठ अंक), केदारनाथ अग्रवाल (चंद गहना से लौटती बेर), अज्ञेय (नदी के द्वीप, असाध्य वीणा), मुक्तिबोध (भूल गलती, ब्रह्मराक्षस), शमशेर बहादुर सिंह (लेकर सीधा नारा, टूटी हुई बिखरी हुई), रघुवीर सहाय (हँसां हँसो जल्दी हँसों, लोग भूल गए), सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' (नक्सलबाड़ी, पटकथा), केदारनाथ सिंह (कविता क्या है, बाघ), राजेश जोशी (लेबर कालोनी के बच्चे, एक आदिवासी लड़की की इच्छा), अरुण कमल (मई का एक दिन, एक नवजात बच्ची को प्यार), जीतेन्द्र श्रीवास्तव (सोन चिरई बिलकुल तुम्हारी तरह, सरकार की नजर, मानुष राग, सोते हुए आदमी को देखकर)।

LHC 5302 : समकालीन हिन्दी कथा साहित्य : समकालीन हिन्दी की प्रतिनिधि दस कहानियों और पाँच उपन्यासों का अध्ययन, **कहानी-** चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' - उसने कहा था, जयशंकर प्रसाद - गुंडा, प्रेमचंद - कफ़न, भीष्म साहनी - चीफ की दावत, फणीश्वर नाथ 'रेणु' - तीसरी कसम, हरिशंकर पारसाई - भोलाराम का जीव, मंजूर एहतेशाम - रमजान में एक मौत, मन्नू भण्डारी - त्रिशंकु, निर्मल वर्मा - परिंदे,

ज्ञानरंजन - पिता, **उपन्यास-** प्रेमचंद - गोदान, राही मासूम रजा - आधा गाँव, श्रीलाल शुक्ल - राग दरबारी, मनोहर श्याम जोशी - कसप, नासिरा शर्मा - जिन्दा मुहावरे।

LHC 5303 : समकालीन हिन्दी नाटक एवं रंगमंच : समकालीन हिन्दी के प्रतिनिधि पाँच नाटकों का रंगमंच की दृष्टि से अध्ययन, अँधेर नगरी - भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, आषाढ़ का एक दिन - मोहन राकेश, कोणार्क - जगदीश चंद्र माथुर, अंधा युग - धर्मवीर भारती, संशय की एक रात - नरेश मेहता, हिन्दी की विभिन्न नाट्य शैलियाँ - रामलीला, रासलीला, जात्रा, तमाशा, स्वांग, नौटंकी, पारसी रंगमंच, ब्रेख्तियन थियेटर।

LHC 5401 : अनुवाद सिद्धांत : अनुवाद की परिभाषा एवं उपकरण, अनुवाद प्रक्रिया व अनुवाद के प्रकार, पारिभाषिक शब्दावली, मशीनी अनुवाद, अनुवाद की समस्याएँ, अनुवाद का मूल्यांकन, अनुवाद की समतुल्यता।

LHC 5001 : संचार माध्यम लेखन (ऐच्छिक) :संचार माध्यम लेखन का स्वरूप व प्रकार, संचार लेखन का इतिहास, रेडियो नाटक, डाक्युमेन्ट्री, टेली फिल्म, धारावाहिक लेखन, संचार व विज्ञापन लेखन, संचार माध्यमों की भाषा।

LHC 5002 : हिन्दी कम्प्यूटिंग (ऐच्छिक) : हिन्दी कम्प्यूटिंग : संक्षिप्त परिचय, प्रमुख प्रविधि : ओपनसोर्स, सोर्स, इंटरनेट, वेब पब्लिशिंग व हिन्दी कम्प्यूटिंग, हिन्दी कम्प्यूटिंग के विभिन्न धरातल, हिन्दी कम्प्यूटिंग व तकनीकी हिन्दी।

LHC 5003 : प्रयोजनमूलक हिन्दी (ऐच्छिक) : कामकाजी हिन्दी (सर्जनात्मक भाषा, संचार भाषा, राजभाषा), कार्यालयी हिन्दी (प्रारूपण, आलेखन, पत्र लेखन, संक्षेपण, टिप्पणी), हिन्दी कम्प्यूटिंग (परिचय, प्रयोग, पब्लिशिंग, इंटरनेट), पत्रकारिता : स्वरूप एवं विभिन्न प्रकार, मीडिया व जनसंचार लेखन।

LHC 5004 : हिन्दी शिक्षण (ऐच्छिक) : हिन्दी शिक्षण की विभिन्न विधियाँ - निगमनात्मक व आगमनात्मक, संश्लेषणात्मक व विश्लेषणात्मक, वस्तुविधि, दृष्टांत विधि, कथनविधि एवं व्याख्यान विधिप्रश्नोत्तर विधि (सुकराती विधि), शोध विधि, प्रोजेक्ट विधि, डाल्टन योजना एवं वर्धा योजना, शैक्षिक विधियों के विकास का इतिहास : हिन्दी शिक्षण में द्वितीय भाषा और प्रथम भाषाई शिक्षण, आदिकालीन शिक्षण एवं मध्यकालीन शिक्षण, उन्नीसवीं शताब्दी का शिक्षण - अनिवार्य शिक्षण, बीसवीं शताब्दी का शिक्षण।

LHC 5005 : दलित अध्ययन (ऐच्छिक) : दलित : अवधारणा (भारत की विशिष्ट जातिगत व वर्गगत अवस्था-ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य), दलित साहित्य की अवधारणा, परिभाषा व दलित साहित्य का सामाजिक-राजनीतिक आयाम, भारतीय दलित साहित्य का उद्भव व विकास (इतिहास- विशेष संदर्भ मराठी दलित साहित्य), हिन्दी दलित साहित्य का इतिहास, विशिष्ट कृतियों का अध्ययन : (जूठन- ओमप्रकाश बाल्मीकि, परिशिष्ट- गिरिराज किशोर, उठाईगीर- लक्ष्मण गायकवाड़)।

LHC 5006 : महिला लेखन (ऐच्छिक) : स्त्रीवादी आन्दोलन का परिचय, स्त्रीवादी (महिला) लेखन की दार्शनिक पृष्ठभूमि, स्त्रीवादी आन्दोलन और हिन्दी साहित्य, स्त्रीवादी आलोचना के मूल्य, हिन्दी साहित्य की विभिन्न लेखिकाओं का स्त्रीवादी आलोचना की दृष्टि से मूल्यांकन (कृष्णा सोबती, मन्नू भण्डारी, उषा प्रियंवदा, अनामिका)।

LHC 5007 : विशेष साहित्यकार (ऐच्छिक) : विशिष्ट साहित्यकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, चुने हुए प्रत्येक साहित्यकार का संक्षिप्त जीवन परिचय, हिन्दी साहित्य में उक्त साहित्यकार का योगदान, विशिष्ट साहित्यकार की प्रतिनिधि कृतियों का अध्ययन, विशेष कृतियों का सौन्दर्यशास्त्रीय आस्वादन।

LHC 5008 : हिन्दी की अन्य गद्य विधाएँ (ऐच्छिक) : हिन्दी निबंध: विशेष निबंधकारव चुने हुए निबंध- (भारतेंदु, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, व विद्यानिवास मिश्र), डायरी- (इलाचंद जोशी, मुक्तिबोध, अज्ञेय), रेखाचित्र- (महादेवी वर्मा, रामवृक्ष बेनीपुरी), रिपोर्ताज- (राहुल सांकृत्यायन, निर्मल वर्मा, मोहन राकेश), संस्मरण, जीवनी और आत्मकथा- रविन्द्र कालिया, जानकीवल्लभ शास्त्री, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू आदि का संक्षिप्त जीवन परिचय।

LHC 5009 : साहित्यिक आन्दोलन (ऐच्छिक) : विशेष साहित्यिक आन्दोलन की ऐतिहासिक परिस्थितियाँ, साहित्यिक आंदोलन के उद्भव के कारण : भारतीय एवं पाश्चात्य आंदोलनों का संक्षिप्त परिचय, साहित्यिक आंदोलनों की विशिष्टता, विभिन्न प्रवृत्तियाँ, हिन्दी साहित्य के सापेक्ष विभिन्न साहित्यिक आंदोलन का मूल्यांकन।

LHC 5010 : फिल्म अध्ययन (ऐच्छिक) : फिल्म : उद्भव और विकास, फिल्म की भाषा, हिन्दी सिनेमा का इतिहास, फिल्म आलोचना, फिल्म : सामाजिक परिप्रेक्ष्य।

LHC 5011 : डायस्पोरा/विस्थापन अध्ययन (ऐच्छिक) : प्रवासी साहित्य की अवधारणा, प्रवासी साहित्य की सामाजिक मूल्यवत्ता, प्रवासी साहित्य का मुख्यधारा के साहित्य से अंतर/विशिष्टता, प्रवासी साहित्य का विशिष्ट भाषाशास्त्रीय मूल्यांकन, प्रवासी साहित्य का आलोचनात्मक मूल्यांकन।

LHC 5012 : आदिवासी साहित्य अध्ययन (ऐच्छिक) : आदिवासी साहित्य की अवधारणा व परिभाषा, आदिवासी साहित्य के स्रोत, परंपरा व भाषिक संरचना (वाचिक/लिखित), आदिवासी साहित्य का सामाजिक आधार, मुख्यधारा के साहित्य से आदिवासी साहित्य का अंतर व विशिष्टता, आदिवासी साहित्य के मूल्यांकन की प्रविधि।

LHC 5013 : लोक साहित्य (ऐच्छिक) : लोक साहित्य की अवधारणा, लोक साहित्य का स्रोत परंपरा व भाषिक संरचना (वाचिक/लिखित), लोक साहित्य का सामाजिक आधार, लोक साहित्य का मुख्यधारा के साहित्य पर प्रभाव व मुख्यधारा के साहित्य का लोक साहित्य पर प्रभाव, लोक साहित्य के मूल्यांकन की प्रविधि।

पाठ्यक्रम पीएच० डी० कोर्स वर्क

प्रथम प्रश्न पत्र : शोध प्रविधि

यूनिट एक : शोध का अर्थ एंव परिभाषा, अवधारणा, शोध के पर्याय व अर्थगत भेद, शोध के तत्व, शोध : उद्देश्य एंव महत्व, शोध की प्रवृत्तियाँ, शोध परिकल्पना, शोध प्रारूप, हिन्दी अनुसंधान का विकास।

यूनिट दो : शोध के प्रकार : ऐतिहासिक, तुलनात्मक, साहित्यशास्त्रीय, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय, भाषाशास्त्रीय, क्रियात्मक शोध, सहभागी, वैयक्तिक अध्ययन, व्यावहारिक शोध।

यूनिट तीन : शोध विधि- विषय चयन, स्रोत,सामग्री-संकलन, अनुक्रमणिका निर्माण, भूमिका लेखन, शीर्षक, उपशीर्षक, उपसंहार, पाद टिप्पणी, परिशिष्ट, संदर्भ ग्रन्थ सूची, प्रश्नावली, साक्षात्कार, सर्वेक्षण, कार्ड-पद्धति, निदर्शन, अन्तर्वस्तु, विश्लेषण, पाण्डुलिपि अवलोकन, अशुद्धियों का निर्मूलन, प्रबन्ध प्रस्तुतिकरण, शोध प्रबन्ध-प्रविधि।

यूनिट चार : शोधकार्य का आकलन, परिमापन, परिसीमन, शोध आँकड़ा, वर्गीकरण एवं सारणीय, संख्यिकीय विश्लेषण, माध्य, माध्यिका (औसत), बहुलक (तरीका/ढंग), शोध परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट), कम्प्यूटर की संरचना, कम्प्यूटर की उपयोगिता और महत्व, इन्टरनेट प्रविधि एवं उपयोगिता, ई-मेल प्रविधि, ब्लाग लेखन, माइक्रोसाफ्ट ऑफिस वर्ड,माइक्रोसाफ्ट पावर प्वाइंट, माइक्रोसाफ्ट इक्सेल

द्वितीय प्रश्न : तुलनात्मक साहित्यिक बोध

यूनिट एक : साहित्य का स्वरूप : परम्परा एवं आधुनिकता, साहित्य की प्रासंगिकता, विचारधारा और साहित्य, आधुनिक बोध का स्वरूप, मध्ययुगीन बोध और आधुनिक बोध में साम्य-वैषम्य, राष्ट्रीयता और अन्तर्राष्ट्रीयता।

यूनिट दो : मध्यकालीन साहित्य (नाथ, सिद्ध और जैन साहित्य), मध्यकालीनबोध का स्वरूप,भक्तिकाल की सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियाँ, भक्ति आंदोलन और लोकचेतना, विभिन्न दार्शनिक मत-अद्वैतवाद, विशिष्टाद्वैत, द्वैतवाद, द्वैताद्वैतवाद, शुद्धाद्वैतावाद, भारतीय संस्कृति और लोकजीवन, लोकदृष्टि और समन्वयवाद, भक्तिकाव्य का साहित्यिक और सांस्कृतिक अवदान, लोकचेतना।

यूनिट तीन : पुनर्जागरण और लोक जागरण, छायावाद और अध्यात्मवाद, गांधीवाद, लोकतंत्र, पंथनिरपेक्षता, धर्म, मार्क्सवाद, मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, अन्तश्चेतनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद, समाजवाद।

यूनिट चार : दलित चेतना, स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श, आंचलिकता और महानगरीयबोध, साहित्य का समाजशास्त्र, साहित्य का इतिहास दर्शन, साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन, साहित्य और जनसंचार।

तृतीय प्रश्नपत्र : शोधपरक अध्ययन : बिन्दु और दृष्टियाँ

यूनिट एक (50 अंक) :

(क) आधुनिक साहित्य अध्ययन- भारतीय नवजागरण का व्यापक परिप्रेक्ष्य और हिन्दी नवजागरण, आधुनिकता, आधुनिकतावाद, उत्तर आधुनिकता, माक्र्सवादी दृष्टि, दलित और स्त्री दृष्टि।

(ख) मध्यकालीन साहित्य अध्ययन- मध्यकाल: अवधारणा और चिन्तन, भक्तिकाव्य और लोकजागरण, शास्त्र और रीतिकाल का संदर्भ, मध्यकालीन बोध का स्वरूप: समाज, संस्कृति और दर्शन।

(ग) नाट्य साहित्य अध्ययन- प्राचीन रंग-चिन्तन: ग्रीक और भारतीय, आधुनिक रंग-चिन्तन: पाश्चात्य रंग अवधारणाएँ- यथार्थवाद, विसंगतिवाद, पृथक्करण, अभिव्यंजनावाद, स्वाच्छंदतावाद आदि, रंगमंच रू अनूदित प्रयोग- (प्रादेशिक एवं विदेशी भाषाओं के पाठ), रंगमंचीय नव्य प्रयोग

(घ) भाषा वैज्ञानिक अध्ययन- संरचनात्मक, समाज भाषावैज्ञानिक, मनोभाषा वैज्ञानिक, शैलीवैज्ञानिक।

यूनिट दो (50 अंक) : सेमिनार प्रस्तुति

प्रत्येक विद्यार्थी को अपने-अपने विकल्प से संबंधित दो सेमिनार कक्षा में प्रस्तुत करने होंगे जिनका अध्यापक द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा।